# सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला (रोहतक)

"ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः"




# वार्षिक रिपोर्ट

## 2025 - 2026

(NAAC Accredited and Affiliated to M.D. University, Rohtak)

# प्राचार्या संदेश

प्रिया छात्राओं,

महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से मैं आपके परिश्रम, समर्पण एवं उपलब्धियों की सराहना करती हूं । आपने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है ।

महाविद्यालय का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि आपको आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है । आपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, समाज सेवा और नवाचार में भी अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है । आपकी यह प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प न केवल आपको सफलता की ओर ले जाएगा बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

आपसे मेरी अपेक्षा है कि आप अनुशासन, समयपालन एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखें । कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच एवं दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है । मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं तथा आशा करती हूं कि आप सदैव अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगी ।

**डॉO संतोष हुड्डा**

**(HES –1)**

## सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय: एक संक्षिप्त परिचय

रोहतक जिले के ग्रामीण आंचल में रहने वाली लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सांपला खंड में हरियाणा सरकार ने 19 सितंबर, 2000 को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय की नींव रखी तथा ग्रामीण परिवेश की लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का मौका देकर इस इलाके को कृतार्थ किया। इस महाविद्यालय का प्रथम सत्र 31 अक्टूबर, 2000 से प्रारंभ हुआ। यह महाविद्यालय किसान, निर्धन व पिछड़े वर्ग के मसीहा सर छोटूराम की पावन जन्मभूमि सांपला में स्थित है तथा इस खंड के गांव की लड़कियों के बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास की दिशा में महाविद्यालय महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह महाविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 से झज्जर जाने वाले मार्ग पर, पीठ उद्यम डी० के स्टेट हाउस के पास 15 एकड़ के परिसर में फैला हुआ है। महाविद्यालय के प्रारम्भिक सत्र में 34 छात्राओं के प्रवेश से लेकर निरंतर बढ़ोत्तरी करते हुए आज वर्तमान में संख्या 1155 होना यह उद्घाटित करता है कि महिलाओं की उच्च शिक्षा तक पहुंच बनाने की हरियाणा सरकार की मंशा को पूर्ण करने में यह महाविद्यालय अग्रणी रहा है और सांपला खंड में स्थित गांव की लड़कियों की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अभिलाषा को पूर्ण कर रहा है। इस महाविद्यालय से कला, वाणिज्य, विज्ञान व आनर्स इतिहास में स्नातक और इतिहास, हिंदी व भूगोल विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री अर्जित कर सकते हैं।

## महाविद्यालय स्टाफ

**प्राचार्या : डॉ संतोष हुड्डा (HES-1)**

### रेगुलर टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉO चंद्र शेखर | प्रोफेसर | इतिहास |
| 2 | डॉO सुनील चौहान | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 3 | डॉO मांगेराम | प्रोफेसर | फिजिकल एजुकेशन |
| 4 | श्री सतीश कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर | गणित |
| 5 | डॉO अनिल कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर | गणित |
| 6 | डॉO प्रीतम श्योराण | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 7 | डॉO पदमा दलाल | एसोसिएट प्रोफेसर | भूगोल |
| 8 | डॉO रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | कॉमर्स |
| 9 | श्रीमती ममता | असिस्टेंट प्रोफेसर | वाणिज्य |
| 10 | श्री कृष्ण कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 11 | श्रीमती मोनिका | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 12 | श्रीमती सीमा रंगा | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 13 | डॉO मीनाक्षी | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 14 | श्रीमती सपना | असिस्टेंट प्रोफेसर | राजनीति विज्ञान |
| 15 | श्री सुरेन्द्र | असिस्टेंट प्रोफेसर | इतिहास |
| 16 | डॉO सुप्रिया ढुल | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 17 | डॉO सविता हुड्डा | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिंदी |
| 18 | डॉO अनीता | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिंदी |
| 19 | डॉO प्रीति | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | डॉO रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 21 | श्रीमती नैंसी | असिस्टेंट प्रोफेसर | भौतिक विज्ञान |

**एक्सटेंशन टीचिंग स्टाफ**

| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** | **विभाग** |
|---|---|---|---|
| **1** | डॉO इंदू बाला | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| **2** | डॉO नीतू कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| **3** | डॉO रेखा रानी | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| **4** | डॉO यशवंती | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| **5** | डॉO मीना कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | राजनितिक विज्ञान |
| **6** | डॉO संगीता | एक्सटेंशन लेक्चरर | इतिहास |
| **7** | डॉO पूनम | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| **8** | श्रीमती नीलम सिंधु | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| **9** | श्री जसविंदर | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिक विज्ञान |
| **10** | श्री सुरेश कुमार | एक्सटेंशन लेक्चरर | वाणिज्य |
| **11** | श्री सतेंद्र | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| **12** | डॉO रश्मि | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| **13** | श्रीमती पंकज रानी | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| **14** | डॉO परमजीत | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिक विज्ञान |
| **15** | डॉO जगबीर | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |

## नॉन टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती संतोष ग्रेवाल | डिप्टी सुपरिटेंडेंट |
| 2 | श्री सुनील | क्लर्क |
| 3 | श्रीमती मोनिका | क्लर्क |
| 4 | श्री गुरुदीप | जे० एल० ए० |
| 5 | श्री अली मोहन | एल० ए० |
| 6 | श्री आनंद | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 7 | श्रीमती प्रियंका | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 8 | श्री रवि | कंप्यूटर लैब अटेंडेंट |
| 9 | श्री सोनू शर्मा | जूनियर लाइब्रेरियन |
| 10 | श्री राजेश दलाल | लाइब्रेरी अटेंडेंट |
| 11 | श्री नितेश | क्लर्क |
| 12 | श्री सुधीर चहल | चपरासी |
| 13 | श्रीमती मनीषा | चपरासी |
| 14 | श्रीमती सुदेश | चपरासी |
| 15 | श्री अनिल कुमार | माली |
| 16 | श्री मंजीत कुमार | माली |
| 17 | श्री राजपाल | चौकीदार |
| 18 | श्रीमती सरस्वती | स्वीपर |

**महाविद्यालय परीक्षा परिणाम**

महाविद्यालय का सत्र 2024-25 का दोनों सेमेस्टर की B.A, B.SC, B.COM, B.A HIST.HONS, M.A आदि सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम से अधिक रहा। प्रति वर्ष महाविद्यालय की अनेक छात्राएं शैक्षणिक क्षेत्र में विश्वविधालय स्तर पर स्थान प्राप्त करती है।

**विषम सत्र ( 2024-25 )**

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल विद्यार्थी | पास विद्यार्थी | फेल विद्यार्थी | कॉलेज पास % | महाविद्यालय % | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 299 | 81 | 218 | 27.09% | 23.62% | +3.47% |
| 2. | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 272 | 124 | 148 | 45.58% | 44.21% | +1.37% |
| 3. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 329 | 178 | 151 | 54.10% | 53.17% | +0.93% |
| 4. | बी.एससी. प्रथम वर्ष | 13 | 09 | 04 | 69.23% | 37.27% | +31.96% |
| 5. | बी.एससी. द्वितीय वर्ष | 09 | 06 | 03 | 66.66% | 60.12% | +6.55% |
| 6. | बी.एससी. तृतीय वर्ष | 21 | 20 | 01 | 95.24% | 71.51% | +23.73% |
| 7. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 16 | 10 | 06 | 62.5% | 34.60% | +27.9% |
| 8. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 20 | 11 | 09 | 55% | 40.83% | +14.17% |
| 9. | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 21 | 11 | 10 | 52.38% | 53.39% | -1.01% |
| 10. | बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 25 | 19 | 06 | 76% | N.A | --------- |
| 11. | बी.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 20 | 15 | 05 | 75% | 66.35% | +8.65% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12. | बी.ए. तृतीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 31 | 18 | 13 | 58.06% | 76.86% | -18.8% |
| 13. | एम.ए. प्रथम वर्ष भूगोल | 36 | 30 | 06 | 83.33% | N.A | --------- |
| 14. | एम.ए. प्रथम वर्ष हिंदी | 54 | 43 | 11 | 79.63% | 77.33% | +2.3% |
| 15. | एम.ए. द्वितीय वर्ष हिंदी | 59 | 45 | 14 | 76.27% | 79.27% | -3-45% |
| 16. | एम.ए. प्रथम वर्ष इतिहास | 60 | 28 | 32 | 46.66% | N.A | ---------- |
| 17 | एम.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास | 58 | 32 | 26 | 55.17% | N.A | ---------- |

## महाविद्यालय परीक्षा परिणाम

## सम सत्र ( 2024-25 )

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल संख्या विद्यार्थी | उत्तीर्ण विद्यार्थी | अनुतीर्ण विद्यार्थी | कॉलेज % | महाविद्यालय % | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 298 | 103 | 195 | 34.56% | 26.97% | +7.59% |
| 2. | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 272 | 167 | 105 | 61.39% | 42.63% | +18.76% |
| 3. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 329 | 213 | 116 | 64.74% | 53.14% | +11.6% |
| 4. | बी.एससी. प्रथम वर्ष | 12 | 09 | 03 | 75% | N.A | -------- |
| 5. | बी.एससी. द्वितीय वर्ष | 09 | 09 | 00 | 100% | 58.91% | +41.09% |
| 6. | बी.एससी. तृतीय वर्ष | 21 | 19 | 02 | 90.48% | 75.97% | +14.51% |
| 7. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 16 | 06 | 10 | 37.5% | N.A | --------- |
| 8. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 20 | 12 | 08 | 60% | 43.21% | +16.79% |
| 9. | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 21 | 21 | 00 | 100% | 60.19% | +39.81% |
| 10. | बी.ए. प्रथम वर्ष इतिहास ऑनर्स | 25 | 19 | 06 | 76% | 43.78% | +32.22% |
| 11. | बी.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 20 | 16 | 04 | 80% | 66.35% | +13.65% |
| 12. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 31 | 21 | 10 | 67.74% | 81.82% | -14.08% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | इतिहास ऑनर्स | | | | | | |
| 13. | एम.ए. प्रथम वर्ष भूगोल | 35 | 27 | 08 | 77.14% | 66.67% | +10.47% |
| 14. | एम.ए. प्रथम वर्ष हिंदी | 54 | 49 | 05 | 90.74% | 78.24% | +12.5% |
| 15. | एम.ए. द्वितीय वर्ष हिंदी | 59 | 54 | 05 | 91.53% | 88.24% | +3.29% |
| 16. | एम.ए. प्रथम वर्ष इतिहास | 60 | 47 | 13 | 78.33% | 51.56% | +26.77% |
| 17 | एम.ए. द्वितीय वर्ष इतिहास | 58 | 32 | 26 | 55.17% | 59.12% | -03.95% |

**शैक्षणिक क्षेत्र में महाविद्यालय पोजीशन धारक 2024-25**

| कक्षा | पोजीशन | रजि. न. | नाम | पिता का नाम | मार्क्स % |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. तृतीय वर्ष इतिहास ऑनर्स | 17TH | 2216381025 | तनीषा | प्रदीप कुमार | 72.43% |
| एम् ए हिंदी द्वितीय वर्ष | 17TH | 2016381351 | तन्नू | नरेश | 74% |

## सरकारी अनुदान

महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के माध्यम से हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए महाविद्यालय को कुल राशि 17,39,094 रुपये सरकारी अनुदान के रूप में प्राप्त हुई जिसको डॉO मीनाक्षी, वित्त अनुदेशक, की देख-रेख में महाविद्यालय द्वारा खर्च किया गया।

| क्रमांक | मद | अलॉट राशि | खर्च राशि | बकाया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | OE | 615162 | 614716 | 446 |
| 2. | M&S | 332824 | 332824 | 0 |
| 3. | Sports | 60000 | 39879 | 391/19730* |
| 4. | Science Exhibition | 8500 | 8486 | 14 |
| 5. | Training HRD | 130000 | 91474 | 9160/29366* |
| 6. | Earn While you Learn | 40000 | 40000 | 0 |
| 7. | Placement Cell | 23304 | 23060 | 244 |
| 8. | Women Cell | 53000 | 51164 | 1836 |
| 9. | Energy Charge | 518000 | 498233 | 19767 |
| 10. | Computerization | 200000 | 197489 | 2511 |
| 11. | Seminar | 95000 | 91474 | 3526 |

**Note: '*' चिन्ह्ति करता है की उपरोक्त राशि बिल कैपिंग लगने के कारण पेंडिंग है।**

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता

हरियाणा सरकार द्वारा योग्य और जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति व अन्य सहायता प्रदान की जाती है। इसी अनुपालन में वर्ष 2025–26 के दौरान महाविद्यालय द्वारा डॉ सुनील चौहान, नोडल अधिकारी (स्कॉलरशिप) की देखरेख में विवरण अनुसार राशि छात्राओं को छात्रवृत्ति व अन्य सहायता के रूप में वितरित की गई।

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति का नाम | लाभान्वित विधार्थियो की संख्या | छात्रवृत्ति की राशि वार्षिक ( प्रति छात्र ) |
|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा के सरकारी कॉलेजों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति के छात्रों के कल्याण के लिए समेकित वजीफा योजना | 280 | 12000/- |
| 2. | सरकारी कॉलेजों के अनुसूचित जाति के छात्रों को पुस्तकें प्रदान करना | 280 | 2000/- |
| 3. | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक के बाद छात्रवृत्ति योजना | 64 | 8000/- |
| 4. | हरियाणा सर्कार द्वारा स्नातक स्तर की छात्राओं (शीर्ष 10) को योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक योजना | 07 | 3000/- |
| 5. | हरियाणा राज्य मेधावी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना | 07 | 5000/- For 1st Position 3000/- For 2nd Position 2000/- For 3rd Position |
| 6. | राज्य मेरिट छात्रवृत्ति | 05 | 3600/-For UG<br>5400/- For PG |
| 7. | नेशनल छात्रवृत्ति पोर्टल | 12 | 12000/- |
| 8. | स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों के लिए समेकित वजीफा योजना | 01 | 14000/- |

## महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था की रीड की हड्डी माना जाता है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने ज्ञान की पिपासा को शांत कर सकता है। प्रत्येक राष्ट्र के सांस्कृतिक और ज्ञान -विज्ञान के विकास के लिए पुस्तकालय की बहुत आवश्यकता है। इसी कड़ी में छात्राओं के लक्ष्य और पाठ्यक्रम की जरूरत को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में पुस्तकालय की एक अहम भूमिका होती है। इसी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में छात्राओं के पाठ्यक्रम व उनके उज्ज्वल भविष्य से संबंधित पुस्तकों की प्रचूरता है। यहां करीबन 10530 पुस्तकें हैं जो महाविद्यालय की छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूर्णतया सक्षम बनाती हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय में Book Issue-Return का कार्य पूर्णतया ऑनलाइन / स्वचालित है जो कि SOUL 3.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है। पुस्तकालय से UG की छात्राओं को दो पुस्तक 14 दिन के लिए Issue की जाती हैं तथा PG की छात्राओं को तीन पुस्तक 14 दिन के लिए Issue की जाती हैं। दोबारा से वही पुस्तक लेनी हो तो पुस्तकालय से Renewal करानी होती हैं। पुस्तकालय से पुस्तक Issue - Return कराने का समय 12:00 PM से 2:00 PM तक होता है। ये सब कार्य महाविद्यालय के कार्य दिवस पर होते हैं। महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी भी है जिसके अंदर 13 कंप्यूटर मेज व कुर्सी सहित उपलब्ध हैं। ई-लाइब्रेरी से आप अपनी पाठ्य सामग्री या ई-बुक किसी भी साइट से खोज सकते हैं। ई-लाइब्रेरी में एक छात्रा को 1 घंटे का समय दिया जाता है। उस 1 घंटे में छात्रा अपना पाठन कर सकती है। पाठ्य सामग्री के अलावा अन्य कार्य ई-लाइब्रेरी में नहीं कर सकते हैं। पुस्तकालय द्वारा INFLIBNET UGC से 2 वर्ष के लिए N-LIST सब्सक्रिप्शन और नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का सब्सक्रिप्शन लिया गया है। इसका उपयोग करने के लिए आपको एक फार्म पुस्तकालय में जमा करना होगा। फॉर्म पुस्तकालय में ही मिलेगा। इसके बाद आप इन सब का लाभ उठा सकते हैं। छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय स्तर की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय में मासिक पत्रिकाएं जैसे योजना, कुरुक्षेत्र, प्रतियोगिता दर्पण दोनों भाषाओं में हैं तथा एक मुख्य पत्रिका UGC – Care List – Social Sciences उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में महाविद्यालय के कर्मचारियों और छात्राओं के लिए 6 तरह के अखबार दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, हरिभूमि, अमर उजाला, टाइम्स आफ इंडिया, द हिंदू आदि अखबारों की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय के अंतर्गत तीन अध्ययन कक्षों की स्थापना की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट के दौरान एक नवीकरण अध्ययन कक्ष का निर्माण किया गया है जिसमें एक साथ 50 छात्राएं व अध्यापक अध्ययन कर सकते हैं। इस अध्ययन कक्ष में कंप्यूटर भी रखे हैं। कंप्यूटर के माध्यम से छात्राएं व अध्यापक अपने विषय से संबंधित ऑनलाइन सर्च कर सकते हैं। जिसका उद्देश्य छात्राओं व अध्यापकों को एकाग्रचित अध्ययन करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। एक समय पर पुस्तकालय में 200 छात्राएं बैठकर अध्ययन कर सकती हैं। इसके अलावा पुस्तकालय सीसीटीवी कैमरा, वाई-फाई, A.C., वाटर डिस्पेंसर आदि सुविधाओं से लैस है। पुस्तकालय में ही महाविद्यालय की छात्राओं तथा कर्मचारियों के पहचान पत्र (I-Card) बनाने की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय प्रभारी Dr. Anita, Assistant Professor (Hindi) की देखरेख में पुस्तकालय का कार्य श्री सोनू शर्मा जूनियर लाइब्रेरियन (HKRN) और Ms. Manisha Kumari सुख सहायक के द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।

## सूचना प्रौद्योगिकी सुविधा

डिजिटल इंडिया अभियान एवं विकसित भारत के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में महाविद्यालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर उन्नयन किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में दो सुसज्जित एवं आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाएं पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं, जिनमें कुल 45 कंप्यूटर विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक उपयोग हेतु उपलब्ध हैं। इन कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के नोडल अधिकारी श्रीमान सतीश कुमार हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में कंप्यूटर अनुदेशक श्री आनंद एवं श्रीमती प्रियंका तथा लैब अटेंडेंट श्री रवि पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ विद्यार्थियों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। महाविद्यालय की दोनों कंप्यूटर प्रयोगशालाएं उच्च गति इंटरनेट सुविधा, एयर कंडीशनिंग एवं निर्बाध पावर बैकअप से पूर्ण रूप से सुसज्जित हैं। प्रयोगशालाओं में लीज लाइन तथा वाई-फाई इंटरनेट की व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे छात्राएं बिना किसी व्यवधान के ऑनलाइन अध्ययन, प्रायोगिक कार्य एवं डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर सकती हैं। वर्तमान तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बीए, बीकॉम एवं बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं को बेसिक कंप्यूटर ज्ञान प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी डिजिटल दक्षता में वृद्धि हो सके और वे उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के लिए स्वयं को सक्षम बना सके। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में चार स्मार्ट क्लासरूम स्थापित हैं, जहां डिजिटल टूल्स एवं आधुनिक आईसीटी संसाधनों के माध्यम से छात्राओं को नवीन तकनीक से परिचित कराते हुए व्यावहारिक, व्यावसायिक एवं विषय-संबंधित ज्ञान प्रदान किया जाता है। स्मार्ट क्लासरूम की सहायता से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, संवादात्मक एवं रुचिकर बनाया गया है। इस प्रकार महाविद्यालय विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने एवं आधुनिक डिजिटल युग की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सतत प्रयासरत है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के दौरान एनएसएस की दो इकाइयां सक्रिय रूप से कार्यरत रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रीति कुमारी एवं डॉक्टर रितु के मार्गदर्शन में वर्ष भर अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गई। 15 से 19 सितंबर 2025 तक डॉ० प्रीति कुमारी ने राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, चंडीगढ़ में लाइफ स्किल एजुकेशन प्रशिक्षण प्राप्त किया। 24 सितंबर 2025 को एनएसएस दिवस मनाया गया तथा 27 सितंबर 2025 को पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री प्रदीप कौशिक (एचसीएस ) रहे । 31 अक्टूबर 2025 को महिला अपराध एवं साइबर सुरक्षा विषय पर थाना सांपला के एसएचओ द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया। 4 से 10 नवंबर 2025 तक डॉक्टर प्रीति कुमारी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता की। 21 नवंबर 2025 को सरदार पटेल @150 एकता मार्च के अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्रा में भाग लिया गया। 27 नवंबर 2025 को दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों एवं लिपिकों ने एमडीयू में एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं पीएफएमएस प्रशिक्षण में भाग लिया। 10 जनवरी 2026 को सांपला स्लम क्षेत्र में भोजन एवं वस्त्र वितरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता हेतु एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया तथा 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती के अवसर

पर 'रन फॉर स्वदेशी' का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भावना का विकास हुआ । एससीआर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन, सांपला की एनएसएस यूनिट ने 6-12 मार्च 2026 तक भासु आश्रम खेड़ी सांपला में 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया, जिसका विषय था "Youth for My Bharat and Digital Literacy"। इसमें पर्यावरण संरक्षण, रैली, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। 28 मार्च को एक दिवसीय शिविर में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" रैली, ऑर्गन डोनेशन शपथ और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया । एम्स, बाड़सा (झज्जर) के साथ 31 मार्च को इस्माइला गांव में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इन आयोजनों से छात्राओं का सर्वांगीण विकास और सामुदायिक सेवा का उद्देश्य पूरा हुआ।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

## (एन.सी.सी. ) 2025-26

महाविद्यालय में 54 एन.सी.सी. कैडेट्स की यूनिट 2 हरियाणा कन्यावाहिनी के अंतर्गत आबंटित है। एन.सी.सी. यूनिट का नेतृत्व लेफ्टिनेंट सपना के द्वारा किया जाता रहा है। दिनांक 15 अगस्त 2025 को महाविद्यालय की एन.सी.सी कैडेट्स ने सांपला ब्लॉक स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड में हिस्सा लिया एवं प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । 17 सितंबर 2025 को महाविद्यालय की एन.सी.सी कैडेट्स ने हरियाणा सरकार द्वारा रोहतक में आयोजित "नशा मुक्त भारत" सहभागिता मैराथन में हिस्सा लिया तथा नशा मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाया । महाविद्यालय की दो एन.सी.सी कैडेट्स (कुमारी निशु एवं कुमारी अंशु )ने 2 हरियाणा कन्या वाहिनी रोहतक के तत्वावधान में अंबाला में लगाए गए आर्मी अटैचमेंट कैंप (7 से 18 नवंबर 2025 ) में हिस्सा लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । महाविद्यालय की एन.सी.सी कैडेट्स ने 21 दिसंबर 2025 को SUPVA विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित 'वीर बाल शहादत दिवस' के समारोह में हिस्सा लिया । 12 जनवरी 2026 को एनसीसी कैडेट्स ने एनएसएस एवं आउटरीच सेल के साथ मिलकर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया । इस अवसर पर कैडेट्स ने स्वाभिमान सम्मान रैली निकाली तथा स्वदेशी को अपनाने की शपथ ली । 26 जनवरी 2026 को महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने सांपला ब्लॉक स्तर पर आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह में परेड में हिस्सा लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । एनसीसी के 15 कैडेट्स ने 'B' certificate एवं 15 कैडेट्स ने 'C' certificate के लिए फरवरी 2026 में परीक्षा दी ।

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC & NAAC)

महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा कोऑर्डिनेटर डॉo अनिल कुमार व सदस्यों डॉo मीनाक्षी, डॉo सतीश कुमार, डॉo रितु, श्रीमती ममता, श्री कृष्ण कुमार, श्रीमती सीमा, डॉo मोनिका, डॉo प्रीति के सामूहिक प्रयास से इस वर्ष (2025 26) मुख्यतः निम्नलिखित विषयों पर कार्य किया गया ।

1. NAAC, बेंगलुरु द्वारा जारी Binary Accreditation System के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और वर्ष 2024-25 का IDP (Institutional Development Plan) उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भरा गया।

2. वर्ष 2025-26 का Academic Calender व Activity Calender तैयार किया गया ।

3. Survey Year 2024-2025 को AISHE Data का DCF Online माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर भरा गया। दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को चौथे विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया ।

4. महाविद्यालय की 25वीं वर्षगांठ मनाने हेतु IQAC द्वारा Silver Jubilee Celeberation Blueprint तैयार किया गया और दिनांक 10 से 14 नवंबर 2025 को Silver Jubilee Week के तौर पर विभिन्न गतिविधियां जैसे Sports Meet, Science Exhibition, Blood Donation Camp, Exhibition Gallery आदि आयोजित की गई जिनके द्वारा महाविद्यालय की 25 वर्ष की उपलब्धियों को दर्शाया गया ।

5. गणित विभाग व IQAC के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार दिनांक 23-24 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया ।

## एलुमनाई एसोसिएशन

महाविद्यालय में सन 2020 से पंजीकृत एलुमनाई एसोसिएशन है जिसमें 11 फाउंडिंग सदस्य हैं । संगठन की कार्यकारी समिति में डॉ० रितु (भूगोल), डॉ० रेखा, डॉ० मीना कुमारी, डॉ० इंदु बाला, डॉ० नीतू, डॉ० नीलम व डॉ० जगबीर शामिल हैं । इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व और वर्तमान छात्राओं के बीच मध्यस्थता बनाए रखना है ताकि पूर्व छात्राओं के अनुभवों को अपनाकर वर्तमान में दाखिल छात्राएं लाभान्वित हो सकें । एसोसिएशन लगभग प्रतिवर्ष एलुमनाई मीट का आयोजन करती है जिसके माध्यम से संस्थान और उसकी पूर्व छात्रों के मध्य सुदृढ़ संबंध स्थापित होता है तथा वर्तमान छात्राओं के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तित्व विकास में सहयोग मिलता है ।समय-समय पर एसोसिएशन मीटिंग भी करती है और उन बिंदुओं पर चर्चा करती है जिससे संस्था एवं छात्राओं की उन्नति में सहयोग मिलता है । एसोसिएशन का यह भी प्रयास रहता है कि एलुमनाई ज्यादा से ज्यादा वित्तीय सहायता प्रदान करें जिससे महाविद्यालय का विकास हो सके । सत्र 2022-2023 से एलुमनाई से महाविद्यालय की वेबसाइट पर फीडबैक फॉर्म भरवाया जाता है जिसकी रिपोर्ट का प्रयोग शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जाता है । नवंबर 2025 में महाविद्यालय की 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया । उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए महाविद्यालय के विकास और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की । पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने स्वर्णिम क्षणों को याद किया । दिनांक 14 मार्च 2026 को पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने भाग लेकर अपने अनुभव सांझा किए तथा महाविद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को ताजा किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने करियर और जीवन के अनुभवों से वर्तमान छात्राओं को भी प्रेरित किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

प्रभारी डॉ० सुनील चौहान के नेतृत्व में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 5 नवंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा कविता-पाठ, लेमन रेस इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया । दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को 'टैलेंट सर्च कार्यक्रम' के अंतर्गत बॉलीवुड, हरियाणवी तथा पंजाबी डांस का आयोजन किया गया । साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत रंगोली, मेहंदी, कविता पाठ, गायन तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिला स्तरीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय की छात्रा चंचल शर्मा ने कविता-पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज (रोहतक) में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया । छात्रा गरिमा ने कविता पाठ में महाविद्यालय में आयोजित सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन में शानदार प्रस्तुति दी। वंदे मातरम की 150वीं सेलिब्रेशन के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय द्वारा वंदे मातरम का उच्चारण किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में समूह नृत्य में शानदार प्रस्तुति दी तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया । प्रभारी डॉ० सविता हुड्डा के नेतृत्व में महाविद्यालय में दिनांक 13 फरवरी 2026 को नवरंग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अलग-अलग नृत्यों में भाग लिया तथा शानदार प्रस्तुति देते हुए सबका मन मोह लिया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉक्टर पूनम बनवाला ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । दिनांक 27 फरवरी 2026 को होली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये गए तथा खाद्य व्यंजन, रंग गुलाल, गुब्बारे, आदि के 15 आकर्षक स्टॉल लगाए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्लेसमेंट सेल

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्राओं के रोजगारोन्मुखी कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा कैरियर मार्गदर्शन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । दिनांक 21 अगस्त 2025 को उद्यमिता पखवाड़ा उत्साह पूर्वक मनाया गया, जिसमें एक युवा उद्यमी द्वारा प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया । साथ ही एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया, जिससे छात्राओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई । इस अवसर पर IDEA WALL तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं की रचनात्मकता एवं नवाचार को प्रोत्साहित किया गया । कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligent) विषय पर भी एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया, जिससे छात्राओं को नवीन तकनीकों की जानकारी मिली । दिनांक 21 सितंबर 2025 से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षाओं का शुभारंभ किया गया । दिनांक 12-13 नवंबर 2025 को दो दिवसीय आर्टिस्टिक स्किल कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्राओं के सर्जनात्मक एवं व्यावहारिक कौशल का विकास करना था । दिनांक 29 जनवरी 2026 को NRS गवर्नमेंट कॉलेज, रोहतक में आयोजित प्लेसमेंट मेले में 6 छात्राओं ने सहभागिता की, जिससे उन्हें रोजगार के अवसरों की जानकारी एवं अनुभव प्राप्त हुआ । दिनांक 3 फरवरी 2026 को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आसान गणितीय ट्रिक्स विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया । इसके अतिरिक्त दिनांक 4 फरवरी 2026 को डॉ० वर्षा द्वारा 'कैरियर हेतु आत्मविश्वास, प्रेरणा एवं भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया ।

## विश्वविद्यालय आउटरीच प्रकोष्ठ

प्रभारी डॉ० जगबीर मालिक के नेतृत्व में दिनांक 27 सितंबर 2025 को यूनिवर्सिटी आउटरीच के द्वारा 'पौधारोपण व एक्सटेंशन लेक्चर' का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप कौशिक (HCS अधिकारी नगर निगम, रोहतक) ने अपने संबोधन में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला । यूनिवर्सिटी आउटरीच के द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को गोद लिए गए गांव गढ़ी सांपला में 'एंटी ड्रग्स जागरूकता' विषय पर चार अलग-अलग जगहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । दिनांक 19 नवंबर से 26 नवंबर 2025 तक यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम सेल के वॉलन्टियर्स द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन, कहानी लेखन, वंदे मातरम का सामूहिक गायन और राष्ट्र के प्रति समर्पण व देशभक्ति की शपथ, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । 10 जनवरी 2026 को यूनिवर्सिटी आउटरीच के वॉलन्टियर्स ने Slum Area की झुग्गी-झोपड़ियों में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को सर्दियों के वस्त्र जैसे- कमीज, स्वेटर, जूते, जैकेट एवं खाद्य सामग्री- बिस्किट, ब्रेड आदि वितरित किए ।

## महिला प्रकोष्ठ

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला के महिला प्रकोष्ठ ने सत्र 2025-26 में डॉ० रितु के कुशल नेतृत्व में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया और छात्राओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । 9 जुलाई 2025 को तीज त्योहार पर शानदार महोत्सव मनाया गया । 9 अक्टूबर 2025 को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राएं अपनी प्रतिभा दिखाती हैं और अपनी संस्कृति को बढ़ावा देती हैं । 31 अक्टूबर 2025 को साइबर सिक्योरिटी और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर एक लेक्चर करवाया गया। 15-20 जनवरी 2026 को 5 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया । इन गतिविधियों से छात्राओं को सशक्त बनाने, सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और कौशल विकास का माहौल बनाने में मदद मिली । महिला प्रकोष्ठ की इन पहलों से छात्राएं सशक्त हो रही हैं और समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही हैं । इसके अलावा 2 फरवरी 2026 को छात्राओं की हस्तशिल्प की रुचि जागृत करने के लिए एक दिवसीय सूरजकुंड Craft Mela का भ्रमण करवाया । दिनांक 11 फरवरी 2026 को One Day Workshop का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को Indian Knowledge System के बारे में जागृत किया गया ।

## वार्षिक खेल कूद (2025-26)

प्रभारी डॉ० मांगेराम की देखरेख में दिनांक 29/08/202 को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर नेशनल स्पोर्ट्स दिवस महाविद्यालय में मनाया गया। 29, 30 व 31 अगस्त को Fit India Moment कार्यक्रम के तहत खेलो की अलग अलग गतिविधियो में छात्राओ ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को चमकाया। "एक घंटा हर रोज खेल मैदान में" कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाते हुए सभी ने हर दिन एक घंटा खेल मैदान में जाने का संकल्प लिया। छात्राओ ने योगा, जुडो, कुश्ती, वेट लिफ्टिंग, गोला फेक एवं डिसकस थ्रो अदि खेलो में भाग लिया।

दिनांक 26/09/25 को महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा आयोजित Fencing Trial में महाविद्यालय की 3 छात्राओ सीमा (B.A III), मनीषा (M.A हिंदी) व अंजलि (M.A हिंदी) ने भाग लिया महाविद्यालय की 2 छात्राओ मनीषा व सीमा ने All India Inter University Fencing Championship जो गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आयोजित हुई थी, में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

दिनांक 18/10/25 को महाविद्यालय की 2 छात्राओ सीमा (B.A III, 57 KG), अंजलि (B.A I, 48 KG) ने M.D.U. जुडो इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में भाग लिया सीमा (B.A III) ने कांस्य पदक व अंजलि ने रजत पदक लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

अंजलि (B.A I) ने C.P.U. फगवाड़ा यूनिवर्सिटी में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जुडो टूर्नामेंट में M.D.U. रोहतक का प्रतिनिधित्व किया। 11th व 12th अक्टूबर 2025 को M.D.U. रोहतक द्वारा आयोजित कबड्डी इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में महाविद्यालय की कबड्डी टीम ने भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किय।

दिनांक 07/12/25 को M.D.U. रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज रेसलिंग चैंपियनशिप में महाविद्यालय की छात्रा प्राची (B.A III) ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मैडल प्राप्त किया।

दिनांक 10/11/25 को महाविद्यालय में 25th वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि कविता (अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़, अर्जुन अवार्ड विजेता) रही व पारितोषिक वितरण प्राचार्या डॉ० संतोष हुड्डा द्वारा किया गया । महाविद्यालय की छात्रा प्राची (B.A III) को बेस्ट एथलीट 2025-26 घोसित किया गया।

दिनांक 18 से 20 नवम्बर, 2025 को महाविद्यालय की एथलेटिक टीम ने M.D.U. द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए, प्राची (B.A III) ने 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, मुस्कान (B.A III) ने 1500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

महाविद्यालय की मुक्केबाज़ हरषि (M.A हिंदी) ने M.D.U. बॉक्सिंग इंटर कॉलेज में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

दिनांक 12 से 13 जनवरी, 2026 को Pencak Silat M.D.U. Inter College प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 2 छात्राओ अदिति (B.A III) तथा सीमा (BA III) ने भाग लिया । सीमा ने 57 kg वर्ग में कांस्य पदक पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

दिनांक 19 से 21 जनवरी, 2026 को गवर्नमेंट कॉलेज हिसार द्वारा आयोजित हरियाणा स्टेट रेसलिंग इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में महाविद्यालय की 2 छात्राओ ने भाग लिया। सीमा(B.A III) ने 57 किलोग्राम में तीसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की शान बढ़ाई।

दिनांक 28-31 Jan 2026 को Govt. College Kaithal द्वारा आयोजित Haryana State Boxing Inter College Championship में हर्षि (एम.ए. हिंदी, प्रथम वर्ष) की छात्रा ने कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय की शान बढ़ाई।

दिनांक 5 फरवरी 2026 को G.C.W. Rohtak द्वारा आयोजित Judo Haryana State Inter College प्रतियोगिता में (अंजलि बी. ए. प्रथम वर्ष) ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

दिनांक 7-8 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में Inter College Tournament का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत Bedminton, Chess और Table Tennis प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमे विजेता छात्राओं को 500/-, 300/- और 200/- रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।

दिनांक 10 फरवरी 2026 को Wushu M.D.U Inter College प्रतियोगिता में सीमा (B.A III) की छात्रा ने कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

**महाविद्यालय के अन्य प्रकोष्ठ**

## PASSPORT COMMITTEE

**प्रभारी : श्री कृष्ण कुमार**

हरियाणा सरकार द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक कल्याणकारी योजना "पासपोर्ट स्कीम" संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत बी.ए./बी.एससी. अंतिम वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं के निःशुल्क पासपोर्ट बनवाए गए, जिससे उन्हें विदेश में उच्च शिक्षा, शोध एवं अन्य अवसर प्राप्त करने में सहायता मिल सके। कॉलेज स्तर पर पासपोर्ट समिति द्वारा इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विद्यार्थियों को समय-समय पर मार्गदर्शन, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इस पहल से छात्राओं में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## MENTOR-MENTEE CELL

**प्रभारी : श्री कृष्ण कुमार**

सत्र 2025-26 के दौरान कॉलेज में Mentor–Mentee Cell का प्रभावी संचालन किया गया। कॉलेज में कुल 1155 विद्यार्थियों का नामांकन है, जिन्हें 25 समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह के लिए एक अलग Mentor In-charge नियुक्त किया गया। Mentors द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक वैकल्पिक शुक्रवार (Alternate Friday) को विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्राओं से शैक्षणिक मार्गदर्शन, करियर काउंसलिंग, नैतिक मूल्यों, समय प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य तथा समग्र व्यक्तित्व विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन किया गया। Mentor-Mentee प्रणाली के अंतर्गत प्रत्येक छात्र की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सहभागिता पर निरंतर निगरानी रखी गई। दिनांक 03 अक्टूबर 2025 को कॉलेज में Parent–Teacher Meeting (PTM) का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की गई, जिनमें निम्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई:

• शैक्षणिक प्रदर्शन
• कक्षा उपस्थिति
• सह-पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त गतिविधियों में सहभागिता
• समग्र व्यक्तित्व एवं व्यावहारिक विकास

इस PTM में अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हुआ तथा छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझावों का आदान-प्रदान किया गया।

## युथ रेड कोर्स (YRC) एवं रेड रिबन क्लब (RRC)

**प्रभारी: डॉ० सुप्रिया ढुल**

दिनांक 5 अगस्त 2025 को YRC इकाई द्वारा कायनोस अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, BMI मापन एवं सामान्य स्वास्थ्य परामर्श जैसी सेवाएँ प्रदान की गई। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बड़ी संख्या में लाभ उठाया।

दिनांक 3 सितंबर 2025 को YRC एवं RRC इकाइयों द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में HIV/AIDS से संबंधित जानकारी, बचाव के उपाय एवं सामाजिक संवेदनशीलता पर बल दिया गया। एक लघु फिल्म प्रदर्शन एवं संवादात्मक व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया।

दिनांक 12 सितंबर 2025 को रेड रिबन जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। YRC स्वयंसेवकों ने परिसर में वृक्षों पर लाल रिबन बाँधकर HIV/AIDS के प्रति समर्थन, करुणा एवं जागरूकता का संदेश दिया। यह गतिविधि सामाजिक कलंक को समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त पहल रही।

दिनांक 17 सितंबर 2025 को YRC स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन, रोहतक द्वारा आयोजित "नशा मुक्त भारत" थीम पर आधारित मैराथन में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## Earn While you Learn Scheme

**प्रभारी – डॉ० सुप्रिया ढुल**

इस योजना का उद्देश्य छात्राओं में स्वावलंबन की भावना को विकसित करना है। वर्ष 2025-2026 के दौरान इस योजना के तहत 13 छात्राओं को लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल, रसायन व भौतिक प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब आदि में कार्य दिया गया।

## समझौता ज्ञापन (MOU) कमेटी

**प्रभारी- डॉ० प्रीतम श्योराण**

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला की समझौता ज्ञापन (MOU) कमेटी द्वारा शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं नैतिक-आध्यात्मिक विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित किया गया। इस क्रम में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक, राजकीय महाविद्यालय महम, कायनोस हॉस्पिटल रोहतक तथा ब्रह्मा कुमारी (आध्यात्मिक संगठन) के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए। इन समझौतों के अंतर्गत छात्राओं के लिए शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन, स्वास्थ्य जागरूकता एवं रोकथाम कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, जाँच अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम, सकारत्मक सोच की शक्ति, मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास पर केंद्रित मासिक व्याख्यान श्रृंखला, व्यक्तित्व विकास तथा आध्यात्मिक उन्नयन से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन एम.ओ.यू. के माध्यम से छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास तथा समग्र व्यक्तित्व निर्माण के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। महाविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## Traffic Interpretation Centre

**प्रभारी – श्री सतेन्द्र**

- दिनांक 15/10/2025 को कॉलेज में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे 46 छात्राओं ने भाग लिया
- दिनांक 20/11/2025 को D.A.V Police School, Sunariyan (Rohtak) में Inter College Road Safety Quiz का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज से (1) Mansi B.A III –

1230264040, (2) Chanchal B.A III – 1230264017, (3) Himanshi B.A I – 1230264050 ने भाग लिया।

- दिनांक 30/12/2025 को IDTR सभागार, रोहतक में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं Mansi B.A III – 1230264040, Chanchal B.A III – 1230264017, Himanshi B.A I – 1230264050 ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

### प्रभारी : डॉ० अनीता

• कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को "साइबर सिक्योरिटी क्राइम" और 'क्राइम अगेंस्ट वूमेन' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर श्री बिजेंद्र (S.H.O Sampla Police Station) रहें जिन्होंने छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रकार, उससे बचाव के उपाय और डिजिटल सुरक्षा के महत्त्व विषय पर जानकारी दी।

• दिनांक 20 नवम्बर 2026 को पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

• दिनांक 20 फरवरी 2026 को "महिला सशक्तिकरण" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पी० जी० राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर सत्यवान जाटान रहे । जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को समय की मांग बताते हुए महिलाओं की आत्मनिर्भर, जागरूक एवं अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## ANTI DRUG CELL

### प्रभारी : डॉ० रश्मि

- 13 अगस्त 2025 को Anti drugs cell द्वारा "नशा मुक्ति की शपथ एवं पौधारोपण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।
- Anti drugs cell के द्वारा दिनांक 10 सितम्बर 2025 को नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग, स्लोगन और निबंध लेखन का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को "एंटी ड्रग्स जागरूकता" विषय पर चार अलग-अलग जगह पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।
- नवम्बर 2025 को एंटी ड्रग्स सेल द्वारा पोस्टर व स्लोगन की प्रदर्शनी करवाई गई।
- 8 दिसम्बर 2025 को एंटी ड्रग्स सेल के तहत नशा मुक्ति पर एक "पावर प्वाइंट (PPT)" प्रस्तुति का आयोजन किया गया जिसमें नशे के प्रकार, नशा करने के दुष्परिणाम एवं उसके उपाय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
- 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर एंटी ड्रग्स सेल द्वारा 'स्वदेशी-स्वदेशी' संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया।

## विभागीय गतिविधियां एवं उपलब्धियां

### इतिहास विभाग

- गत सत्र 2025-26 में इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बहुत सी छात्राओ ने भाग लिया।
- दिनांक 21 नवंबर 2025 को गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर एक दिवसीय गोष्ठी/सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे दो व्याख्यानों सहित इतिहास विभाग से जुड़े प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 16 जनवरी 2026 को सरस्वती महोत्सव आयोजन के अन्तर्गत भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गयी।

### अंग्रेजी विभाग

दिनांक 16 सितम्बर, 2025 को अंग्रेजी विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

- Talent Search Programme के अंतर्गत दिनांक 25 सितम्बर को English Poetry Recitation का आयोजन किया गया।
- अंग्रेजी विभाग द्वारा Elocution के लिए छात्रा को Youth Festival (MDU, Rohtak) में भाग लेने के लिए भेजा गया तथा छात्रा चंचल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### हिंदी विभाग

- हिंदी विभाग के द्वारा 20 अगस्त 2025 को 'निबन्ध लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- दिनांक 13 सितंबर 2025 को 'हिंदी विभाग' द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में छात्राओं को प्रेरणादायक फिल्म "आई ऍम कलाम और माय स्कूल" दिखाई गई । छात्राओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, राष्ट्रीय चेतना तथा महान वैज्ञानिक और भारत रतन डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। फिल्म प्रदर्शन के पश्चात छात्राओ के साथ विचार - विमर्श सत्र का भी आयोजन किया गया।

### राजनीति विज्ञान विभाग

- 11 अगस्त 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 13 अक्टूबर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 12 छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 26 नवम्बर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को संविधान की शपथ दिलाई गई।

### वाणिज्य विभाग

- सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला के वाणिज्य विभाग ने सत्र 2025-26 में दो सफल एकेडमिक इवेंट्स आयोजित किए। 9 अक्टूबर 2025 को "भारतीय कृषि और सेवा क्षेत्र पर टैरिफ का प्रभाव" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और 29 नवंबर 2025 को "GST

और भारत में विभिन्न क्षेत्रों पर इसके प्रभाव" विषय पर चर्चा हुई। इन इवेंट्स से कॉमर्स स्टूडेंट्स की जागरूकता बढ़ी और विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार हुआ।

**भूगोल विभाग**

- दिनांक 26 Sep 2025 को भूगोल विभाग में Environment Issue, climate change, sustainability development, Ozone layer depletion विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 11 Nov 2025 को महाविद्यालय की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में साइंस एक्जीविशन में भूगोल विभाग की तरफ से 9 Model का प्रस्तुतीकरण किया गया।
- दिनांक 11 April 2025 को MA भूगोल 2nd Year Affiliation or 2nd Year & Continuation 1st Year के लिए MDU Team ने Inspection किया गया।
- दिनांक 22 April 2025 को Earth day पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**भौतिकी विभाग**

- B.Sc 1st, 2nd तथा 3rd वर्ष की छात्राओं के लिए Quiz Competition का आयोजन भौतिकी विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें 07 टीमों ने भाग लिया। इसमें भाग लेने वाली छात्राओं को 06 अलग-अलग स्तरों से गुजरना पड़ा तथा विजेता छात्राओं को इनाम व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
- 11 नवम्बर 2025 को इन्ट्रा-कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं की रचनात्मकता और शोध कौशल व वैज्ञानिक सोच बढ़ाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा दिया गया और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया गया।
- 07 फरवरी 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में आयोजित अंतर-महाविद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी में "Solar Energy and Vibrational Robot" शीर्षक वाले मॉडल के साथ विभाग की दो छात्राओं ने भाग लेकर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया।

**गणित विभाग**

- सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में कुल 6 चरण थे जिन्हें विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने तथा वैज्ञानिक एवं गणितीय मूलभूत सिद्धांतों की समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को नकद पुरस्कार दिया गया।
- गणित विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयुक्त तत्वावधान में "Recent Advancements in Mathematical Sciences and Applications" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का दिनांक 23-24 जनवरी 2026 को सफल आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों से 102 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया व लगभग 80 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र में किये गए अनुसन्धान की प्रस्तुति दी। इस सेमिनार के माध्यम से भारत के महान गणितज्ञों श्री निवास रामानुजन, आर्यभट्ट, ब्रहमगुप्त आदि द्वारा किये गए अनुसंधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

**रसायन विज्ञान विभाग**

- रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 को B.Sc. विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में विषयगत ज्ञान, तर्कशक्ति तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था।
- कॉलेज में आयोजित Science Exhibition में रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कुल छह (06) वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए।इन मॉडलों के माध्यम से छात्राओं ने रसायन विज्ञान के सिद्धांतों को व्यावहारिक, नवाचारी एवं रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया, जिससे वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान दृष्टिकोण एवं प्रस्तुति कौशल को बढ़ावा मिला।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

## प्राचार्या

डॉ० संतोष हुड्डा, प्रिंसिपल सर छोटू राम राजकीय महिला महाविधालय सांपला, रोहतक ने दिनांक 03 /12 /2025 को HIPA Gurugram में सुशासन ( Good Governance ) विषय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
दिनांक 05/02/2026 को GJU HISAR में उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIS) में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

### इतिहास विभाग

**डॉ० चंद्र शेखर**

- डॉ० चंद्रशेखर के UGC Care list में सह-संपादक के तौर पर दो लेख परिपत्र प्रकाशित हुए।
- राष्ट्रीय स्तरीय पुस्तक में सहलेखक के रूप में एक अध्याय प्रकाशित हुआ है।
- इनके निर्देशन में एक शोधार्थी को शोधप्रबंधन सफलता के तौर पर पीएच.डी. की उपाधि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा अलंकृत की गई।
- राजकीय महाविद्यालय मोखरा में 29 नवम्बर 2026 को गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर विस्तार व्याख्यान दिया।
- राष्ट्रीय सिविल सेवा की बैडमिंटन की प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

**श्री सुरेंद्र**

- श्री सुरेंद्र ने गुरु जम्भेस्वर विश्वविधालय हिसार द्वारा 04 सितम्बर से 17 सितम्बर 2025 तक आयोजित किये दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

### अंग्रेजी विभाग

**डॉ० सुनील चौहान**

- डॉ० सुनील चौहान (अंग्रेजी विभाग) को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा UG Board of Studies in English and Foreign Languages का सदस्य मनोनीत किया।

**डॉ० प्रीतम श्योराण**

- सत्र 2025-26 के दौरान Assistant Professor से Associate Professor के पद पर Promotion हुई।
- दिनांक 22 जनवरी 2026 को Govt P.G College Ambala Cantt में एक दिवसीय National Seminar में Topic "Skill based education: A Paradigm Shift in Modern Education System" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Vaish College Rohtak में एक दिवसीय National Seminar में Topic "Urbanization, Industrialization and Environmental Sustainability: Challenges and Prospects" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Govt Girls College Bahadurgarh में एक दिवसीय National Seminar में Topic "The Impact of Artificial Intelligence (AI) on Students Academic Development" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 20-21 फरवरी 2026 को DAV Centenary College Faridabad में दो दिवसीय International Seminar में "Evaluating the impact of the Rural-Urban Digital Divide on Online Learning Outcomes" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

## भूगोल विभाग

**डॉ० पदमा दलाल**

- सत्र 2025-26 के दौरान Assistant Professor से Associate Professor के पद पर Promotion हुई।
- दिनांक 22 जनवरी 2026 को Govt P.G College Ambala Cantt में एक दिवसीय National Seminar में Topic "Skill based education: A Paradigm Shift in Modern Education System" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Vaish College Rohtak में एक दिवसीय National Seminar में Topic "Urbanization, Industrialization and Environmental Sustainability: Challenges and Prospects" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Govt Girls College Bahadurgarh में एक दिवसीय National Seminar में Topic "The Impact of Artificial Intelligence (AI) on Students Academic Development" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक 20-21 फरवरी 2026 को DAV Centenary College Faridabad में दो दिवसीय International Seminar में "Evaluating the impact of the Rural-Urban Digital Divide on Online Learning Outcomes" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

**डॉ० सुप्रिया ढुल**

- दिनांक 22 जनवरी 2026 को Govt P.G College Ambala Cantt में एक दिवसीय National Seminar में Topic “Role of Faculty Development Program in Improving Teaching and Learning” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Rohtak में Vaish College में एक दिवसीय National Seminar में “Sustainable Agriculture and Soil Health” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Govt Girls College Bahadurgarh में एक दिवसीय National Seminar में Topic “Artificial Intelligence in Agriculture: The Future of Farming” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 20-21 फरवरी 2026 को DAV College Faridabad में दो दिवसीय International Seminar में Topic “Equal Access to Digital Resources in Rural and Urban Areas” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ० रितु**

- दिनांक 22 जनवरी 2026 को Govt P.G College Ambala Cantt में एक दिवसीय National Seminar में Topic “Role of Faculty Development Program in Improving Teaching and Learning” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Rohtak में Vaish College में एक दिवसीय National Seminar में “Sustainable Agriculture and Soil Health” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 24 जनवरी 2026 को Govt Girls College Bahadurgarh में एक दिवसीय National Seminar में Topic “Artificial Intelligence in Agriculture: The Future of Farming” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 20-21 फरवरी 2026 को DAV College Faridabad में दो दिवसीय International Seminar में Topic “Equal Access to Digital Resources in Rural and Urban Areas” पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ० प्रीति**

- डॉ प्रीति को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर Best Program Officer (एन एस एस महिला) के रूप में चयनित किया गया।

## गणित विभाग

**श्री सतीश कुमार**

- एक शोधपत्र जिसका शीर्षक “Fixed points Theorems using Special Types of Contractions in Multiplicative Metric spaces” जनसभा जर्नल (UGC-CARE Reference List of Quality Journals) जो कि “Vijnana Prishad of India” के समन्वय से प्रकाशित है।
- शोधपत्र जिसका शीर्षक “Convergence Analysis of Fixed point iterations in Multiplicative Metric spaces: A Comprehensive study of mapping properties” एक

प्रतिष्ठित पीयर रिव्यू जर्नल “Journal of Mathematical Problems, Equations and Statistics” में प्रकाशित किया गया।

- एक शोधपत्र जिसका शीर्षक “Fixed point results for Weakly Compatible mappings in Cone Metric space and C*-algebra-valued Metric spaces: Applications to Functional Equations” एक प्रतिष्ठित पीयर रिव्यू जर्नल “International Journal of Statistics and Applied Mathematics” में प्रकाशित किया।
- एक शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया जिसका आयोजन IQAC बहोना कॉलेज में असम गणित अकादमी के सौजन्य से 20-21 जनवरी 2026 को किया गया।
- एक शोधपत्र जिसका शीर्षक “A common fixed point Theorem for Contractive mapping in Multiplicative Metric space” राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया जिसका आयोजन गणित विभाग द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला में उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया।
- शोधपत्र जिसका शीर्षक “The study of Fixed point Theorem in various metric spaces with different types of mapping” राष्ट्रीय सम्मेलन में Jan 31, 2026 को प्रस्तुत किया गया, जिसका आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया।

**डॉ. अनिल कुमार**

- डॉo अनिल कुमार को सत्र 2025-26 के दौरान Assistant Professor से Associate Professor के पद पर Promotion मिला ।
- डॉo अनिल कुमार को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ब्लॉक स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में SDM सांपला द्वारा सम्मानित किया गया।
- दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को हरियाणा सांख्यिकी प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला “NIRF-2026” में भाग लिया।
- दिनांक 31 जनवरी 2026 को हरियाणा सांख्यिकी प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला “Submission of Data in NIRF-DCS” में भाग लिया।
- दिनांक 23-24 जनवरी 2026 को गणित विभाग, सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन “Recent Advancements in Mathematical Sciences and Applications” में भाग लिया तथा “A Generalization of Rectangular Metric Spaces via Control Functions” विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- “Fixed Point Theorems for Max-Type Rational Contractions in Quasi-b-Metric Spaces” शीर्षक शोध-पत्र को Journal of Mathematics, John Wiley & Sons Limited में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया है।

- "Transportation Problems: A Special Class of Linear Programming Models" शीर्षक पुस्तक अध्याय को संपादित पुस्तक "Evolution in Mathematical and Computational Techniques (EMCT)" में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया है।

**डॉ. मीनाक्षी**

- डॉ मीनाक्षी को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ब्लॉक स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांपला द्वारा सम्मानित किया गया।
- दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को हरियाणा सांख्यिकी प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला "NIRF-2026" में भाग लिया।
- दिनांक 31 जनवरी 2026 को हरियाणा सांख्यिकी प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला "Submission of Data in NIRF-DCS" में भाग लिया।
- दिनांक 23-24 जनवरी 2026 को गणित विभाग, सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "Recent Advancements in Mathematical Sciences and Applications" में भाग लिया तथा "Fixed-Point Approaches to Nonlinear Seismic Wave Problems" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- "Fixed Point Theorems for Max-Type Rational Contractions in Quasi-b-Metric Spaces" शीर्षक शोध-पत्र को Journal of Mathematics, John Wiley & Sons Limited में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया है।
- "Transportation Problems: A Special Class of Linear Programming Models" शीर्षक पुस्तक अध्याय को संपादित पुस्तक "Evolution in Mathematical and Computational Techniques (EMCT)" में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया है।

## रसायन विज्ञान विभाग

**श्री कृष्ण कुमार**

- श्री कृष्ण कुमार ने दिनांक 18 जनवरी 2025 को Tau Devi Lal Government College for Women, Murthal, Sonipat में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: भारतीय शिक्षा प्रणाली की ओर एक समग्र दृष्टिकोण" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, उच्च शिक्षा में सुधार तथा बहु-विषयक शिक्षण प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
- श्री कृष्ण कुमार द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2025 को S.C.R Government College for Women, Sampla में "ग्रीन केमिस्ट्री: पर्यावरण संरक्षण तथा रासायनिक नवाचार की जागरूकता की नई पहल" विषय पर शोध-पत्र प्रकाशित किया गया। इस शोध-पत्र में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा रासायनिक प्रक्रियाओ में नवाचार संबंधी महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए ।

**श्रीमती सीमा**

- दिनांक 04/11/2025 से 18/11/2025 तक Centre for Professional Development in Higher Education द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

- इसके अतिरिक्त, दिनांक 23-24/01/2026 को Government College for Women, Sampla द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में "Mathematical Tools for Analysis and Optimization in Chemical Processes" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही, उन्होंने 31/01/2026 को Government College for Women, Rohtak द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा "Medicinal Chemistry Innovations in Plant-Based Antiepileptic Research" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिससे उनके शैक्षणिक एवं शोध कौशल में अभिवृद्धि हुई।

## हिंदी विभाग

**डॉ० अनीता**

- दिनांक 14-15 सितंबर 2025 को हिंदी विभाग एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "विश्व पटल पर हिंदी की सम्भावनाएँ एवं चुनौतियां " विषय पर शोध - पत्र प्रस्तुत किया।
- इन्होनें बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर, रोहतक से Ph.D. की उपाधि प्राप्त की।

## राजनीती विज्ञान विभाग

**श्रीमती सपना**

- ले० सपना ने 2 हरियाणा कन्या वाहिनी के तत्त्वावधान में अम्बाला कैंट में आयोजित 12 दिवसीय अर्मी अटेचमेंट कैंप में 7-8 नवम्बर 2025 तक हिस्सा लिया।

## वाणिज्य विभाग

**डॉ० रितु**

- डॉ. रितु ने आईआईएम कलकत्ता में "an Econometric Enquiry of Crowding out or Crowding in of private investment in India" विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। यह IIMCFRC 2025 कॉन्फ्रेंस (26-28 दिसंबर 2025) में हुआ, जो वित्त और लेखांकन पर केंद्रित थी। आईआईएम कलकत्ता एशिया में दूसरे स्थान पर है और इसका ट्रेडिंग लैब अद्वितीय है।
- डॉ. रितु ने दिनांक 06 फरवरी से 08 फरवरी तक IIM Nagpur में Case & Research Conference में भाग लिया व दो Case Study प्रस्तुत की।

## नॉन टीचिंग स्टाफ

**श्री आनंद (कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर)**

- श्री आनंद को महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ब्लॉक स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में SDM सांपला द्वारा सम्मानित किया गया।

**श्री अशोक कुमार (असिस्टेंट)**

- श्री अशोक कुमार को महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ब्लॉक स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में SDM सांपला द्वारा सम्मानित किया गया।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएँ

- सुव्यवस्थित ऑडिटोरियम का निर्माण।
- लैंग्वेज लैब, मैथ्स लैब , कोर्स लैब ।

- प्रोफेशनल कोर्स बी० सी० ए० को शुरू करना।
- स्पोर्ट्स जिमनेज़ियम हॉल का निर्माण।

## दीक्षांत समारोह

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला रोहतक में दिनांक 14 मार्च 2025 को 11वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर विनीता हुड्डा (डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसलिंग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक) रही। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने, निरंतर परिश्रम करने तथा समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। दीक्षांत समारोह के दौरान महाविद्यालय की सत्र 2023-2024 तथा 2024-2025 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की लगभग 250 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई

## रजत जयंती समारोह

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन सीमा द्वारा 'प्रेरणा एवं ध्यान द्वारा आत्म जागरण' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसने छात्राओं को मानसिक शांति एवं आत्म विकास के लिए प्रेरित किया।

समारोह के अन्तर्गत विज्ञान के प्रति रूचि एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु 'साइंस एग्जीबिशन' का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर विनय मलिक विभागाध्यक्ष, प्राणीविज्ञान विभाग एम.डी.यू रोहतक रहे। छात्राओं ने मोशन, सोलर सेल, न्यूक्लियर पावर प्लांट, फैक्ट्री कार्बन, कार्बन फिल्टर आदि प्रमुख विषयो पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए।

इसके अतिरिक्त 'कला एवं सृजनात्मक कौशल विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ० दीपांजलि दयाल सहायक प्रोफेसर, ललित कला विभाग (PG GCW Rohtak ) ने छात्राओं को सृजनात्मक कौशल पर विस्तार से व्याख्यान दिया और उन्हें विभिन्न हस्तकला गतिविधियों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा पी० जी० आई० एम० एस० रोहतक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ० शमशेर हुड्डा प्राचार्य पी० जी० गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमेन, रोहतक ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज की और विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया।

इसी दौरान महाविद्यालय में 'प्रदर्शनी गैलरी' का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी गैलरी का शुभारंभ डी.एस.पी. श्री राकेश मालिक द्वारा किया गया। प्रदर्शनी गैलरी में विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, चित्रकला, हस्तकला, वैज्ञानिक परियोजनाएं, सांस्कृतिक झलकियां और सामाजिक विषय पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गई।

महाविद्यालय की 25वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर संतोष हुड्डा ने की तथा समझ में विभिन्न विभागों एवं सामाजिक क्षेत्र में

अनेक अतिथियों ने शिरकृत की कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कांत गुप्ता ( Registrar M.D.U Rohtak )रहे ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सत्या मलिक (Founder Principal ) रही । अन्य अतिथिगणों में डॉ० शमशेर सिंह हुड्डा, डॉ० एसपी यादव, श्री जयप्रकाश, श्रीमती पूनम बनवाला, डॉ० इंदू रोहिल्ला तथा विनोद मलिक एक्सटर्नल आइक्यूएसी मेंबर उपस्थित रहे । इस अवसर पर महाविद्यालय के सेवानिवृत्तों में डॉ० अशोक कुमार, डॉ० रामनिवास तथा साथ ही महाविद्यालय में प्रमोशन प्राप्त करने वाले संकाय सदस्यों में डॉ० सावित्री देवी, श्री विनोद तथा धर्मवीर सिंह जी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया । उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए महाविद्यालय के विकास और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह तथा महाविद्यालय की 25 वर्षीय उपलब्धियों पर आधारित प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया । इसी दौरान महाविद्यालय का कुलगीत लॉन्च किया गया।

## सेवानिवृत्त सदस्य

महाविद्यालय के कर्मठ एवं समर्पित कर्मचारी असिस्टेंट श्री अशोक कुमार जी दिनांक 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए। आपने अपने लगभग 36 वर्षों के सेवाकाल में महाविद्यालय की प्रशासनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाविद्यालय परिवार आपके समर्पित सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करता है एवं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

"ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः"

# SIR CHHOTU RAM GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN, SAMPLA (ROHTAK)

01262263500 gcwsampla@gmail.com scrgcwsampla.ac.in